दिनांक 26.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण एवं अन्य कार्य किये जाने हेतु निगम भिलाई के 6 उपअभियंताओं को वर्तमान में सौंपे गये अपने–अपने दायित्वों के साथ–साथ उक्त कार्य किये जाने के संबंध में आदेश जारी किया गया है। निगम आयुक्त श्री चौहान के द्वारा मोर जमीन मोर मकान के अंतर्गत निगम क्षेत्र में आवास निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है जिसका मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण समय–समय पर आयुक्त श्री चौहान के द्वारा किया जा रहा है, तथा उक्त निर्माणाधीन आवास के संबंध में नोडल अधिकारी को कार्य की गुणवत्ता बनीं रहे इस ओर विशेष ध्यान देने की बात कही तथा निर्धारित समय सीमा में आवास का निर्माण हो सके ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द उक्त आवास का आबंटन पात्रता अनुसार किया जा सके।

श्री चौहान ने पदस्थ किये गये सभी उपअभियंताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने पूर्व में सौंपे गये दायित्वों के साथ–साथ वर्तमान कार्य का भी संपादन करेंगे आपको सौंपे गये दायित्वो की समीक्षा मेरे द्वारा स्वयं की जावेगी। जोन क्रमांक 01 नेहरु नगर से उपअभियंता कु. निकहत सबरीन, जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर से उपअभियंता कु. मंजू साहू, जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर से उपअभियंता कु. विद्या देशलहरे, जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर से उपअभियंता कु. श्वेता वर्मा, जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 से उपअभियंता कु. प्रिया खैरवार, जोन क्रमांक 06 रिसाली से उपअभियंता श्री हिमांशु कावड़े

जन सम्पर्क अधिकारी